# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–03 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के पहले मिनी स्पोट्र्स कॉम्प्लैक्स का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश में एक नई खेल संस्कृति विकसित हुयी है। प्रदेश सरकार भी खिलाड़ियों और खेल गतिविधियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है।

***ग्रामीण लीग की प्रतियोगिताएं जो ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सभा से लेकर के विधानसभा स्तर पर फिर जनपद स्तर पर तक के प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहित करने के लिए हर उम्र हर लिंग से जुड़े हुए लोगों के लिए उपलब्ध करवाने की व्यवस्था दे रही है' युवक मंगल दल और महिला मंगल दल के माध्यम से गांव गांव में खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए भी सरकार प्रयास कर रही है***

इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के राप्ती नदी के तट पर स्थित तकिया घाट के जल शोधन कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को स्वच्छ जल की आपूर्ति करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्रे में जल जीवन मिशन प्रारम्भ किया गया है।

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन पूरे देश के अंदर लागू हुआ। हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करनी है इसके लिए भी शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन प्रारंभ हुआ। हर घर नल के माध्यम से घर–घर तक शुद्ध पेयजल ~~पस~~-जल उपलब्ध करवाने के कार्यक्रम प्रारंभ हुई।***

**********

प्रदेश के नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना ने आज वाराणसी के सर्किट हाऊस में बैठक कर जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किया जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयेंगे और उनमें बहुत से श्रद्धालु दर्शन–पूजन के लिये वाराणसी भी पहुचेंगे। इसके लिये वाराणसी में पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए उचित प्रबंध किये जाने की आवश्यकता है। पुलिस विभाग के अधिकारियों से उन्होंने कहा कि वह श्रद्धालुओं और पर्यटकों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी हर समस्या का त्वरित समाधान करने का प्रयास करें। बैठक में प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु भी मौजूद रहे।

**********

किसानों को कृषि सम्बन्धी विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये सरकार फार्मर आईडी बनाने पर जोर दे रही है। नये वर्ष में कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिये फार्मर आईडी जरूरी होगा। फार्मर आईडी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसके बन जाने के बाद किसानों को बार–बार केवाईसी कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और कृषि की अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ फार्मर आईडी के आधार पर ही दिया जायेगा।

**********

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर ग्यारह से तेरह जनवरी तक राम मंदिर में दर्शन के लिए वीआईपी और वीवीआईपी पास नही बनेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्यारह जनवरी को करेंगे। तीन दिवसीय आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी।

**********

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए की लखनऊ स्थित विशेष अदालत ने कासगंज में वर्ष दो हजार अट्ठारह में गणतंत्र दिवस के दिन तिरंगा यात्रा के दौरान हुए चंदन गुप्ता हत्याकांड में अट्ठाइस दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनायी है। इस मामले में विशेष अदालत ने इन सभी अट्ठाइस लोगों को दोषी करार दिया था।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में शीतलहर शुरू हो गयी है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते सभी जिलों के अधिकतम से लेकर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। प्रदेश के पूर्वी जिलों में शीतलहर और कोहरे का प्रकोप बढ़ने से जन–जीवन प्रभावित होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल कोहरा पड़ने का सिलसिला जारी रहेगा और तापमान गिरने के कारण कड़ाके की ठंड पड़ती रहेगी। उधर, गोरखपुर के जिलाधिकारी ने ठंड को देखते हुए कक्षा एक से लेकर आठ तक के सभी विद्यालयों का संचालन छः जनवरी तक बन्द रखने का निर्देश जारी किया है।

**********